हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, मंगलवार,14 मई 2024

तापमान
अधिकतम 41.0 डिग्री
न्यूनतम 24.4 डिग्री

12 मां के जीवन में आती हैं समस्याएं बीके बहनों ने बताया



12 बिजली की लाइन अलग करने को ग्रामीणों ने पॉवर ...



## खबर संक्षेप

### हेरोइन तस्करी के मामले में गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी क्षेत्र बीडी फ्लौर मिल के सामने हाथी खाना मन्दिर के पास से मादक पदार्थो की तस्करी के मामले में पुलिस ने आरोपी संजीव उर्फ कोच्ची को 30 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है।

### 20 बोतल शराब सहित आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर क्षेत्र से अवैध शराब की तस्करी के मामले में पुलिस ने आरोपी निखिल कुमार को 20 बोतल अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी शराब की तस्करी का कारोबार करता है।

### दर्ज चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बराडा में दर्ज चोरी के मामले में सीआईए-शहजादपुर ने आरोपी सलीम उर्फ निक्कू को गिरफ्तार किया। अब उसे दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। पीडित महिला ने 2 मई 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि राजन कॉलोनी में स्थित उसके घर से किसी ने गहने व नकदी चोरी कर लिए हैं।

### ट्राली चोर को यूपी से पुलिस ने दबोचा

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने कुराड़ गांव में खेत से ट्राली चोरी करने वाले गिरोह के एक आरोपी धर्मेंद्र निवासी छछरपुर शामली यूपी को गिरफ्तार किया है। सीआईए टू प्रभारी सब इंस्पेक्टर सौरभ ने बताया कि पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर पांच दिन के रिमांड पर लिया है।

### पानीपत पुलिस ठगी के दो आरोपी पकड़े

**पानीपत।** पानीपत थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम ने क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर लोगों से ठगी करने वाले गिरोह के दो आरोपियों धर्मेंद्र निवासी मयूर विहार दिल्ली हाल सेक्टर 73 नोएडा यूपी व फिरोज निवासी पत्थर वाला कुआ हापुड़ यूपी को यूपी के नोएडा से गिरफ्तार किया है। पानीपत थाना साइबर क्राइम में काबड़ी रोड अर्जुन नगर निवासी राजेंद्र की शिकायत पर केस दर्ज है।

# आग में मुख्य डाक घर का पासपोर्ट और सर्वर ऑफिस जलकर राख

## फायर ब्रिगेड ने करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत में हाली पार्क के पास स्थित मुख्य डाकघर में सोमवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में भीषण आग लग गई। बिल्डिंग के अंदर से धुआं उठता देख काम कर रहे डाक विभाग के कर्मियों ने इसकी सूचना तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम व फायर बिग्रेड ऑफिस को दी। फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू किए।

■ दमकल के अधिकारी आग लगने के कारणों की जांच कर रहे

दमकल कर्मियों ने किसी तरह आग को पहले बाहर से बुझाया, फिर भीतर गए। पूरी बिल्डिंग आग की चपेट में थी। करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। वही, आग में डाक घर में बना पासपोर्ट व सर्वर ऑफिस राख हो गए। जबकि डाक घर की अन्य विंग तक आग नहीं पहुंच पाई। डाक कर्मियों के अनुसार आग सुबह करीब 8:10 बजे लगी है।



**पानीपत।** आग में जला पानीपत का मुख्य डाक घर। फोटो : हरिभूमि

### डाक विभाग के अधिकारी आग से हुए नुकसान का आंकलन करने में जुटे

आग लगने के कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो पाए हैं। माना जा रहा है कि आग बिजली के शॉट सर्किट के कारण लगी होगी। फिर भी दमकल के अधिकारी आग लगने के कारणों की जांच कर रहे है। इधर, जांच में पता चला कि डाक कर्मियों ने पासपोर्ट ऑफिस से धुआं निकलते देखा था और इसके बाद अपने अफसरों, पुलिस व फायर बिग्रेड को घटना की जानकारी दी थी। दूसरी ओर, डाक विभाग के हरियाणा मुख्यालय से पानीपत डाक घर में लगी आग की रिपोर्ट तलब की है। डाक विभाग के अधिकारी आग से हुए नुकसान का आंकलन करने में जुटे है।

# आशा वर्कर्स ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

आशा वर्कर यूनियन हरियाणा के आह्वान पर कुरुक्षेत्र की आशा वर्कर्स ने, वेतन कटौती, ऑनलाइन काम के विरोध में सिविल अस्पताल में आम सभा करते हुए प्रदर्शन किया। सीटू जिला सचिव अनिल कुमार व आम आदमी पार्टी के वरिष्ट नेता ओम सिंह ने कहा कि आज आम सभा में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि आशा वर्कर्स लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को वोट व सपोर्ट करेंगी। उन्होंने कहा कि बीजेपी की जन विरोध नीतियों से जनता में भारी रोष है। महंगाई बेरोजगारी कई गुना बढ़ गई है। बेरोजगारी पर बात करने की बजाय प्रधानमंत्री मुसलमान पाकिस्तान ही करते रहते हैं। बीजेपी सरकार द्वारा अनेक घोटाले किए गए हैं। चुनावी बांड घोटाला देश का अब तक का सबसे बड़ा घोटाला है जिसे सुप्रीम कोर्ट ने असंवैधानिक बताते हुए रद्द किया है। अपनी मांगों से संबंधित मांग पत्र आशा वर्कर्स ने डिप्टी सीएमओ के माध्यम से स्वास्थ्य मंत्री कमल गुप्ता को व इंडिया गठबंधन के कुरूक्षेत्र से लोकसभा उम्मीदवार सुशील गुप्ता के नाम भेजा है। जनवरी 2024 से अभी तक आशा वर्कर्स को मानदेय नहीं दिया गया हैं जिससे तमाम आशाओं में नाराजगी है आशा वर्कर्स को मानदेय नहीं मिलने की वजह से अनेकों समस्याओं का सामना कर रही है। ज्ञापन के माध्यम से आशाओं का वेतन और हड़ताल के दौरान के काटे गए फिक्स पैसे को तुरंत जारी करने की मांग की गई है। आम सभा को सीटू के जिला उपाध्यक्ष सुनील रत्न व यूनियन की जिला प्रधान पिंकी, जिला सचिव कुशमलता ने भी संबोधित किया। जिला उपप्रधान मंजीत, जिला कोषाध्यक्ष उषा, सुखविन्द्र, अनीता, सुनीता, राजकुमारी आदी ने भी संबोधित किया।

■ सिविल अस्पताल में आम सभा करते हुए प्रदर्शन किया



**कुरूक्षेत्र।** आशा वर्कर्स मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपती हुई। फोटो : हरिभूमि

# गेहूं ऋण न मिलने से चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों में रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

गेहूं ऋण न मिलने से चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों में भारी रोष है। प्रदेश सरकार द्वारा गुरप डी के कर्मचारियों को गेहूं ऋण दिलवाने का अभी तक परिपत्र जारी नहीं किया गया है। ऑल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही सरकार द्वारा गेहूं ऋण का परिपत्र जारी नहीं किया गया तो चार जून को आगामी संघर्ष की घोषणा की जाएगी।

कर्मचारी महासंघ से संबंधित ऑल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन रजिस्टर नंबर 681 के जिला प्रधान अनिल मुंजाल ने बताया कि गेहूं ऋण न मिलने से चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों में भारी रोष है।

गेहूं का अंतिम चरण समाप्ति पर है, लेकिन अभी तक प्रदेश सरकार द्वारा गुरप डी के कर्मचारियों को गेहूं ऋण दिलवाने का परिपत्र जारी नहीं किया गया है। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कर्मचारियों को एलटीसी देने में भी विभाग आनाकानी करते हुए देरी कर रहा है। जिसको लेकर पूरे प्रदेश भर का कर्मचारी हताश व निराश है। दिन प्रतिदिन प्रदेश भर के कर्मचारियों में हरियाणा सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों को लेकर रोष बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रांतीय संगठन द्वारा कर्मचारियों की जो जायज मांगे मांग पत्र के माध्यम से प्रदेश सरकार को भेजी गई है। सरकार उन पर विचार विमर्श कर हुए जल्द से जल्द प्रांतीय संगठन को बातचीत के लिए बुलाकर समाधान करें। अन्यथा संगठन चार जून के बाद आगामी संघर्ष नीति बनाकर आंदोलन करने पर मजबूर होगा।

■ गेहूं ऋण का परिपत्र जारी नहीं करने पर चार जून को आगामी संघर्ष की होगी घोषणा

### ऑटो रिक्शा की टक्कर से बच्ची की मौत

**पानीपत।** पानीपत में गांव उग्राखेड़ी में ऑटो रिक्शा की चपेट में आने से आठ साल की आठ साल की लडकी की दर्दनाक मौत हो गई। वही, चांदनीबाग थाना पुलिस को दी शिकायत में प्रमोद निवासी गांव उग्राखेडी ने बताया कि उनकी बेटी हर्षिता थी, जोकि 11 मई की रात करीब साढ़े 9 बजे उसके मकान से करीब 100 मीटर दुकान से सामान लेकर वापस लौट रही थी। वहीं, रास्ते में सैनी चौपाल के पास गांव के रहने वाले फूलकुमार ने अपने ऑटो नंबर को बैक करते समय टक्कर मार दी।

सूचना मिलने पर पिता तुरंत मौके पर पहुंचा। जहां पहुंच कर देखा कि उसकी बेटी घायल अवस्था में पड़ी हुई थी। जिसकी गर्दन और छाती पर चोट के निशान थे। वह बेटी को तुरंत एक निजी अस्पताल ले जाने लगा। रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया।

पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद हर्षिता का शव उसके परिजनों को सौंप दिया और ऑटो रिक्शा चालक पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# साइबर सेल ने 7.23 लाख के गुमशुदा 41 मोबाइल फोन मालिकों को लौटाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

साइबर सैल की टीम ने माह अप्रैल 2024 के लगभग 7 लाख 23 हजार 742 रूपये के गुमशुदा 41 मोबाईल फोन तलाशकर उनके मालिकों को लौटाने का कार्य किया है। पुलिस अधीक्षक जश्नदीप सिंह रंधावा ने बताया कि गुमशुदा मोबाईल फोन तलाशकर उनके मालिकों को लौटाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इससे आम नागरिकों को आर्थिक क्षति से बचाया जा सके। इस अभियान के दौरान साइबर सैल अम्बाला की टीम ने माह अप्रैल 2024 में लगभग 7 लाख 23 हजार 742 रूपये के गुमशुदा 41 मोबाईल फोन तलाशकर आज 13 मई 2024 को सहायक पुलिस अधीक्षक सृष्टि गुप्ता के नेतृत्व में उनके मालिकों को लौटाकर उन्हें आर्थिक क्षति से बचाने का प्रशंसनीय कार्य किया है। टीम की सराहना करते हुए भविष्य में भी आम नागरिकों को ऐसी आर्थिक क्षति से बचाने हेतू सच्ची निष्ठा व लगन से कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

नवीत्तम तकनीक के साथ लापता फोन का पता लगाना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। मोबाइल बरामद होने उपरांत पुलिस शिकायतकर्ताओं से संपर्क कर उनके असल मालिकों को मोबाइल सौंप देती है। गुम हुआ फोन मिलना वास्तव में लोगों के लिए खुशी व भावनात्मक क्षण होता है। नागरिकों द्वारा पुलिस साईबर टीम की सराहना की जा रही है। इस महत्वपूर्ण मुहिम से पुलिस की तकनीकी प्रगति में उनका वश्विास भी बढा है। पुलिस अधीक्षक ने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि यदि किसी भी नागरिक का मोबाइल फोन गुम या चोरी हो जाए तो मोबाइल फोन में इस्तेमाल किए जाने वाले मोबाइल सिम नंबर को तुरंत बंद करवाएं और इसकी सूचना पुलिस को दें जिससे साइबर क्राइम करने वाले अपराधिक प्रवृति के लोग आपके मोबाइल सिम का दुरूपयोग न कर सकें। उन्होंने साईबर सैल की टीम को नर्दिेश दिए कि गुमशुदा मोबाइल फोन को तलाशने का हर सम्भव प्रयास किया जाए जिससे आम नागरिकों को आर्थिक क्षति से बचाया जा सके।

■ नवीत्तम तकनीक के साथ लापता फोन का पता लगाना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक



तलाश के बाद गुम मोबाइल लोगों को सौंपते हुए पुलिस अधिकारी।

# डॉक्टर ने शादी का झांसा देकर युवती के साथ किया दुष्कर्म

यमुनानगर। शहर की पुराना हमीदा कॉलोनी में एक डॉक्टर ने युवती को शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। बाद में आरोपी ने युवती को शादी करने से मना कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शहर की एक कॉलोनी निवासी युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि एक साल पहले उसे पथरी थी। जिस कारण उसके पेट में दर्द रहता था। वह दवाई लेने के लिए पुराना हमीदा स्थित डॉक्टर हुसैन चौधरी के पास गई। इस दौरान आरोपी ने उसका मोबाइल नंबर ले लिया। जिसके बाद आरोपी उससे फोन पर बात करने लगा। आरोपी ने उसे कहा कि वह उसे बहुत पसंद करता है और उससे शादी करना चाहता था। वह आरोपी की बातों में आ गई। एक दिन आरोपी ने उसे मिलने के लिए बुलाया। जब वह आरोपी से मिलने के लिए गई तो आरोपी ने उसे शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। उसने जब आरोपी को शादी करने के लिए कहा तो आरोपी ने उसे शादी करने से मना कर दिया। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# मलेरिया, डेंगू को लेकर प्रशासन चलाएगा जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूत ▶▶| पानीपत

उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया ने जिला सचिवालय के प्रथम तल पर स्थित सभागार में गर्मी के मौसम में मच्छरों से फैलने वाली बीमारियों के बचाव को लेकर समीक्षा बैठक कर जरूरी दिशानिर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में फैलने वाली बीमारियो को लेकर प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है। सभी प्रकार की जरूरी तैयारियां की जा रही है ताकि इन बीमारियों से बचाव किया जा सके। उपायुक्त ने बताया कि गर्मी के मौसम में मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया व कई तरह की बीमारियों के फैलने की संभावना बढ़ जाती है। इसको लेकर हमें व्यापक स्तर पर कार्यवाही करने की आवश्यकता है। विभिन्न विभागों के सहयोग से मलेरिया के सम्भावित स्थानों पर फोगिंग भी की जाएगी। उपायुक्त ने स्वास्थ्य और अन्य विभागों के अधिकारियों को दिशानिर्देश देते हुए कहा कि सभी विभागों में एक-एक नोडल अधिकारी नियुक्त करें व शुक्रवार को कार्यालय में मच्छरों के पनपने वाले स्थानों की साफ-सफाई करें, जैसे कि कूलरों में पानी को बदले। उन्होंने कहा कि मलेरिया व डेंगू जैसी खतरनाक बीमारी को लेकर शिक्षा विभाग स्कूलों में प्रार्थना के दौरान बच्चों को इस बीमारी के फैलने के प्रति जागरूक करें।

■ विभिन्न विभागों के सहयोग से मलेरिया के सम्भावित स्थानों पर फोगिंग भी की जाएगी



**पानीपत।** स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया।

### प्रत्येक रविवार को घर पर सूखा दिवस मनाएं

उन्होंने ग्रामवासियों से अपील की कि प्रत्येक रविवार को ग्रामीण स्तर पर अपने घर पर सूखा दिवस मनाएं। पानी के बर्तन, कूलर, फूलदान, हौदी आदि को खाली करें तथा सूखाकर ही पानी भरें। पानी के बर्तनों व टंकियों इत्यादि को पूरी तरह ढककर रखें। छत पर पड़े मटके, टायर, बोतल तथा अन्य टूटे-फूटे बर्तनों को हटा दें ताकि इनमें बरसात का पानी जमा ना हो क्योंकि मच्छर जमा पानी में पैदा होता है। उन्होंने बताया कि इन बीमारियों से बचाव को लेकर अपने आसपास पानी न भरा रहने दें। सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग अवश्य करें।

# आंधी में गिरे खंभे से बाइक टकराई, चालक की मौत

**पानीपत।** पानीपत के गांव अदियाना में आंधी में सडक पर गिरे बिजली के खंभे से बाइक टकरा गई। हादसे में बाइक चालक की मौत हो गई। इधर, मतलौडा थाना पुलिस को दी शिकायत में महेंद्र सिंह निवासी गांव अदियाना जिला पानीपत ने बताया कि 11 मई की रात करीब साढ़े आठ बजे उसका बेटा 19 वर्षीय राजीव, बाइक पर सवार होकर गांव मतलौडा की ओर जा रहा था। गांव आदियाना की पानी की टंकी के पास बीच सड़क पर बिजली के दो पोल टूट कर गिरे हुए थे। ये पोल एक दिन पहले आए आंधी-तूफान की वजह टूट कर गिरे थे। लेकिन बिजली निगम द्वारा लोगों के बार-बार बताने पर भी ये पोल सड़क से दूर नहीं किए गए। रात के समय में राजीव को ये पोल नहीं दिखे। जिस वजह वह इनसे जा टकराया और बाइक से नीचे गिर गया और हादसे में उसकी मौत हो गई। इधर, थाना मतलौडा पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

**प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रदेश की विभिन्न ईकाइयों से आए 26 लोक अभियोजक भाग ले रहे**

# हरियाणा पुलिस अकादमी में तीन नए कानूनों पर लोक अभियोजकों के लिए प्रशिक्षण आरंभ

डॉ दीपा सिंह ने प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा पुलिस अकादमी मधुबन के सरदार पटेल हाॅल में तीन नए कानून भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 पर लोक अभियोजकों के लिए पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आज आरंभ हुआ। अभियोजन विभाग, हरियाणा के तत्वावधान में आयोजित यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 17 मई तक चलेगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रदेश की विभिन्न ईकाइयों से आए 26 लोक अभियोजक भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम के आरंभिक सत्र में अतिथि वक्ता पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय की ऐडवोकेट व सहायक प्रोफेसर पंजाब यूनिवर्सिटी चण्डीगढ़ डॉ दीपा सिंह ने प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में डॉ दीपा सिंह ने तीनों नए कानूनों केअवलोकन, विकास और अधिनियमन के बारे में प्रतिभागियों को जानकारी दी। आगामी सत्रों में स्कूल ऑफ लॉ, गलगोटियास यूनिवर्सिटी नॉएडा, यूपी केसहायक प्रोफेसर पोरस राज ने नई कानूनी संहिता में नई परिभाषाओं का परिचय और सजा, सामान्य व्याख्या और विशलेषण व अभियोजन संबंधी सुधार तथा पुलिस साइंस और क्रिमिमनोलॉजी, चण्डीगढ़ की सहायक प्रोफेसर व ग्रीनक्रिमिनोलॉजिस्ट डॉ शैलजा बैनीवाल ने भारतीय न्याय संहिता के तहत महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराध और मानव शरीर को प्रभावित करने वाले अपराध में सुधार विषयों के बारे में प्रतिभागियों को जानकारी दी।



**करनाल।** हरियाणा पुलिस अकादमी में लोक अभियोजकों के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों का ज्ञानवर्धन करती अतिथि वक्ता डॉ दीपा सिंह।

### पौधा भेंट कर स्वागत किया

अकादमी के जिला न्यायवादी डॉ सोहन सिंह ने अतिथि वक्ता डॉ दीपा सिंह को पौधा भेंट कर स्वागत किया। अकादमी की जिला उप-न्यायवादी अनीता रानी ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजन के लिए हरियाणा के पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर व अकादमी के निदेशक डॉ सीएस राव तथा अभियोजन विभाग,हरियाणा का भी आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अकादमी के जिला उप-न्यायवादी सुरेन्द्र सिंह उपस्थित रहे।

# एमडीएसडी कॉलेज की सहायक प्रो. डॉ. तोमर का नाम वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

एमडीएसडी कॉलेज की हिन्दी विभाग की सहायक प्रोफेसर एवं साहित्यिक परिषद की संयोजक डॉ. मंजू तोमर का वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड लंदन में सह लेखक के रूप में नाम दर्ज होना अंबाला के लिए ही नहीं बल्कि प्रदेश के लिए भी गौरव का विषय है । इस रिकॉर्ड में नाम दर्ज होने से उनके निवास स्थान पर बधाई देने वालों का तांता लग गया । दुनिया में सबसे अधिक स्वतंत्रता सेनानियों के ऊपर लिखी गई पुस्तक में सह लेखक के रूप उनको इस रिकॉर्ड में दर्ज किया गया है। पुस्तक में देश के 75 हिन्दी वरिष्ठ साहित्यकारों ने भाग लिया। हावर्ड वर्ल्ड रिकॉर्ड द्वारा इस पुस्तक में सबसे ज्यादा स्वतंत्रता सेनानियों के ऊपर लेख लिखे जाने पर विश्व रिकॉर्ड में सम्मिलित किया गया। इस रिकॉर्ड में नाम दर्ज करवाने वाली अंबाला की पहली साहित्यकार है इससे पहले साहित्य में उनकी रचनात्मक योगदान को देखते हुए उनके उन्होंने अनेक सामान प्राप्त हो चुके हैं जिनमें मुख्य रूप से डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन शिक्षक सम्मान, राष्ट्र पुत्री अवार्ड, आचार्य चाणक्य सम्मान,शिक्षा रत्न सम्मान आदि शामिल हैं.डॉ. मंज तोमर ने कहा कि यह बेहद गौरव के पल हैं। उन्होंने कहा कि हमें हमारी सभ्यता एवं संकृति पर रचनात्मक लेखन की जरूरत है। नई पीढ़ी पाश्चात्य संस्कृति के गर्त में जा रही है. साहित्य समाज का दर्पण है. हमें रचनात्मक लेखन से इस दर्पण को और पारदर्शी बनाना है।

■ दुनिया में सबसे अधिक स्वतंत्रता सेनानियों के ऊपर पुस्तक लिखी



डॉ. मंजू तोमर।

# ऐसा सांसद चुनें जो करे क्षेत्र के विकास की बात

मतदान की तारीख करीब आते लोकसभा क्षेत्र में चर्चाओं का का बाजार होने लगा गर्म, सांसद को लेकर रखी राय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

अपने जिले का सांसद, विधायक चुनने के लिये 25 मई को शहर के लोग तैयार है। आज के ठीक 11 दिन बाद मतदाता कैसा अपना नेता चुनेगा उस लोगों के विचार लिये गये। राजनीति पार्टी जीतने के लिए अपने-अपने नेताओं व कार्यकर्ताओं को तैयारी करने के निर्देश दे दिए हैं उधर जनता भी इस बार काफी जागरूक नजर आ रही है। नेता चुनने को लेकर शहर के बुद्धिजीवियों से बात की गई तो उन्होंने कहा कि इस चुनाव मे एक मजबूत नेता का अवसर है। जो जिले को विकास की ओर ले जाए।

### किसानों व व्यापारियों का ध्यान रखें: विनित बंसल



जी वी राईस मिल के मालिक विनित बंसल ने कहा कि लोगों को अपना नेता ऐसा चुनना चाहिए जो दुख सुख मे साथ खड़ा हो। किसानों, आढ़तियों व व्यापारियों का ध्यान रखें। अपने शहर मे विकास के कार्य करवा सके। मतदाता स्वच्छ छवि के उम्मीदवारों का चुनाव करें।

### साफ छवि का नेता चुनेः सुरेन्द्र खुराना पार्षद



नगरपालिका तरावड़ी के पार्षद व समाजसेवी सुरेन्द्र खुराना ने कहा कि अपने क्षेत्र का कमजोर प्रत्याशी ना चुने जिससे हमे बाद मे पछतावा ना हो। उसे अपने एरिया मे काम करवाने का अनुभव होना जरूरी है। सरकार मे बुलंद आवाज से काम करवा सके। विश्व की सबसे बड़ी संसद में अपने भागीदारी दर्ज करें व अपने हलके के विकास के लिए योग्य उम्मीदवार को जीताना जरूरी है। यह तभी संभव होगा जब हम सभी लोग अपनी जिम्मेदारी से साफ छवि का नेता चुनेगे।

### मजबूत सरकार चुनने का समय : शीशपाल गुप्ता



मंडी प्रधान शीशपाल गुप्ता ने का कहना है कि मंडी व राईस मिल्ज के व्यापारियों की समस्याओं का निदान करवाने मे सक्षम हो। सरकार के समक्ष आवाज उठा कर लोगों के हित की बात कह सके। हम अच्छे लोगों को देश चलाने की जिम्मेदारी सौंपें। खासकर युवाओं के लिये रोजगार के अवसर पैदा करें। इसलिए बेहतर हो सके जिसे आप चाहते हैं उसे वोट दें और देश में अच्छी व मजबूत सरकार बनने के लिए वोट दें।

### विकास कार्य करवाने मे सक्षम हो : राजकुमार तायल



न्यू कैम ऑयल कम्पनी के मालिक राजकुमार तायल का कहना है कि प्रत्याशी को शहर के लोगों के काम करवाने मे सक्षम हो। जनता की आवाज संसद मे उठाकर उनकी समस्यायों का हल करवा सके। लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदाता की जितनी ज्यादा भागीदारी होगी उतना ही हमारा लोकतंत्र मजबूत होगा। आपराधिक चरित्र के नेता का चुनाव ना करे। नेता ऐसा हो जो युवाओं के रोजगार उपलब्ध करवाये। जिले बड़ी इन्डस्ट्रीज लगवायें ताकि युवाओं को रोजगार मिल सकें ।

# दिनदहाड़े मोबाइल शॉप पर चली गोली, हड़कंप

हरिभूमि न्यूज. सफीदों

नगर के महात्मा गांधी रोड़ पर सोमवार सांय को उस वक्त हड़कंप मच गया जब बाईक पर सवार होकर आए तीन युवकों ने एक मोबाइल शॉप पर फायर कर दिया। गनीमत तो यह रही कि उनका निशाना चूक गया और दुकान का मालिक बाल-बाल बच गया। नकाबपोश जब दूसरा फायर करने के लिए अपने हथियार को लोड़ करने लगे तो वह लोड़ नहीं हो पाया। घटना को अंजाम देकर हमला वर नए बस स्टैंड की तरफ भाग गए। फायर की आवाज सुनकर मौके पर काफी तादाद में राहगीर व आसपास के दुकानदार एकत्रित हो गए। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पाकर डीएसपी आशिष कुमार व सिटी थाना प्रभारी ईश्वर सिंह मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस ने दुकानदार से बातचीत करके मामले की जानकारी ली व सीसीटीवी फूटेज को खंगाला। मिली जानकारी के अनुसार नगर के महात्मा गांधी मार्ग पर स्थित वीएके 7 मोबाइल शॉप पर सांय करीब साढ़े 5 बजे दुकान का मालिक दीपक कुमार दुकान केबाहर खड़ा था कि इसी दौरान नहर पूल की तरफ से एक बाईक पर तीन नकाबपोश युवक आए और उस पर फायर कर दिया।

## खबर संक्षेप



### गर्मी सब्जियों को करती प्रभावित : डा. सीबी सिंह

**कुरुक्षेत्र।** वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डा. सी.बी. सिंह ने कहा कि चाहे मौसम कोई भी हो किसानों को कृषि एवं मौसम विशेषज्ञों से परामर्श अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आजकल तो हाई टेक का जमाना है। हर व्यक्ति के पास मोबाइल है। किसानों को मौसम एवं उन्नत खेती की जानकारी आसानी से मिल जाती है। डा. सिंह ने कहा कि मौसम परिवर्तनशील रहने के बाद आने वाले दिनों में तापमान अधिक बढ़ सकता है।

### मजदूरों को अधिकारों के प्रति किया जागरूक

**कुरुक्षेत्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम नितिन राज ने कहा कि हालसा के वार्षिक एक्शन प्लान के तहत जिला एवं सत्र न्यायाधीश आराधना साहनी के दिशा निर्देशानुसार डीएलएसए द्वारा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के अनुरूप भविष्य आपके हाथ में एक मतदान अधिकार अभियान और असंगठित मजदूरों के लिए हक हमारा भी तो है कैंपेन चलाया गया है।

### महंत प्रेम दास का मनाया जन्मदिन

**कुरुक्षेत्र।** बैरागी धर्मशाला के भूमि दानदाता महंत प्रेम दासजी महाराज का 129वां जन्मदिन बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर समस्त हरियाणा से समाज के सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर संचालक समिति से ओम प्रकाश अहिरका, राजबीर डागर, राजबीर सीतामाई, सतपाल गोल्ली, महा सिंह परढाना उपस्थित रहे।

### 14 मई को केजरीवाल करेंगे रोड शो

**पिहोवा।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा कुरूक्षेत्र लोकसभा के लिए नियुक्त लोकसभा प्रभारी मथूरा दत्त जोशी जी ने पिहोवा में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी कार्यालय महाराजा पैलेस में कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए कहा कि कुरूक्षेत्र में इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार डाक्टर सुशील कुमार गुप्ता के पक्ष में जबरदस्त लहर चल रही है। कार्यकर्ता गठबंधन प्रत्याशी को जिताने के लिए पुरी ताकत के साथ प्रचार प्रसार कर रहे है।जनता भाजपा शाशन से परेशान हो चुकी है, देश की जनता ने केंद्र में परिवर्तन का मन बना लिया है।

### मतदाताओं की सुविधा के लिए जारी हुए टोल फ्री नंबर

**कुरुक्षेत्र।** लोकसभा आम चुनाव 2024 के दृष्टिगत कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के लिए मतदाताओं की सुविधा के लिए जिला प्रशासन द्वारा कंट्रोल रूम के साथ-साथ टोल फ्री नंबर 1950 जारी किया हुआ है। यह जानकारी देते हुए चुनाव तहसीलदार सरला कौशिक ने बताया कि मतदाता को मत से संबंधित कोई भी जानकारी चाहिए तो वह टोल फ्री नंबर 1950 से ले सकते है। इसी प्रकार सी-विजिल एप से संबंधित यदि कोई भी शिकायत दर्ज करवानी है तो दूरभाष नंबर 01744-220507 पर करवाई जा सकती है।

### ग्रामीणों ने इनेलो का दामन थामा

**कुरुक्षेत्र।** डेरा नादर चंद और प्रेम नगर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान लोगों ने अपनी समस्याएं बताई और कहा कि पिछले सालों में कोई भी विकास का कार्य यहां पर नहीं हुआ है। महिला जिला अध्यक्षा नेत्री तनुजा ने बातचीत के दौरान कहा कि लोगों का रुझान इंडियन नेशनल लोकदल के प्रति बखूबी देखा जा सकता है और इंडियन नेशनल लोकदल का कुणबा बढ़ता जा रहा है। लोगों ने अपना रुझान दिखाते हुए इंडियन नेशनल लोकदल में शामिल हुए है और इंडियन नेशनल लोकदल का दामन थामा है।

## बारहवीं के विद्यार्थियों ने 100प्रतिशत परिणाम हासिल कर मारी बाजी

# प्रताप पब्लिक स्कूल का 12वीं कक्षा का परिणाम रहा शानदार

प्रधानाचार्य विकास ने विद्यार्थियों व अभिभावकों का मुंह मीठा करवा कर दी बधाई




तरावड़ी। प्रताप स्कूल के छात्र अपने स्कूल स्टाफ के साथ ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

प्रताप पब्लिक स्कूल, तरावड़ी में बारहवीं कक्षा में विद्यार्थियों ने 100प्रतिशत परिणाम हासिल कर बाजी मारी है। सी बी एस ई द्वारा बारहवीं कक्षा का परिणाम घोषित किया गया है। जिसमें प्रताप पब्लिक स्कूल के बच्चों ने अच्छे अंक प्राप्त करके स्कूल का नाम रोशन किया है । कक्षा बारहवीं आर्ट की छात्रा सहज प्रीत कौर -96 प्रतिशत कक्षा बारहवीं साइंस की छात्रा परनीत - 95.6 प्रतिशत कक्षा बारहवीं कॉमर्स की छात्रा अंजलि-94.8 प्रतिशत कॉमर्सः-अंजलि-94.8 प्रतिशत भूमि-91.4 प्रतिशत वंशिका-90.2 प्रतिशत अर्षदीप-90.2 प्रतिशत साइंसः-परनीत कौर -95.6प्रतिशत चेष्टा -91.6 प्रतिशत इशिका -88.4 प्रतिशत आर्ट :-सहज प्रीत कौरः-96 प्रतिशत रिंकू-93.2 प्रतिशत 90 प्रतिशत से अधिक 8 बच्चों ने अंक प्राप्त किए। 80 प्रतिशत से अधिक 30 बच्चों ने अंक प्राप्त किए। 50 प्रतिशत से अधिक बच्चों ने मेरिट प्राप्त की। पेंटिंगः- 12 छात्रों ने शत प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इंग्लिशः- वंशिकाः-95 जशनप्रीत कौरः-95 परनीतः-95 हिंदीः- रिंकूः-90 ज्योग्राफीः- सहज प्रीत कौरः- 97 हिस्ट्रीः- सहज प्रीत कौरः- 96 पॉलिटिकल साइंसः- रिंकू 98 इकोनॉमिक्सः- अंजलिः-96 अकाउंट्सः- अंजलिः-98 बिजनेस स्टडीः- अंजलिः-94 केमिस्ट्रीः- नवदीप :-95 परनीतः-95 फिजिकल एजुकेशनः- सुखविंदर सिंहः-97 गणितः- परनीतः-95 विद्यार्थियों ने अच्छे अंक प्राप्त कर स्कूल को उच्च शिखर तक पहुंचाया । स्कूल के चेयर मैन हन्नी चौधरी, निर्देशिका पिथि चौधरी तथा प्रधानाचार्य विकास ने विद्यार्थियों व अभिभावकों का मुंह मीठा करवा कर उनको बधाई दी।

### ब्रह्मर्षि विद्या मंदिर ने फिर से लहराया परचम

तरावड़ी। सीबी एस ई बोर्ड की ओर से घोषित कक्षा दसवीं व बारहवीं के परीक्षा परिणाम में श्री ब्रह्मर्षि विद्या मंदिर कॉन्वेंट तरावड़ी ने एक बार फिर से परचम लहराया। कक्षा दसवीं में 25 मेरिट के साथ शहर भर में उच्च स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के दसवीं कक्षा के छात्र अरमान गोयल ने गणित में 99, विज्ञान में 98, सोशल साइंस में 98 हिंदी में 95 अंक पाकर प्रथम स्थान , अंश गोयल गणित में 96, सोशल साइंस में 95,हिंदी में 96 अंक पाकर दूसरे स्थान पर रहा। मनसा गणित में 97, विज्ञान में 95, हिंदी में 94 अंक पाकर तीसरे स्थान पर रही। कक्षा 12वीं में 10 से अधिक बच्चों ने मेरिट में स्थान प्राप्त किया। मिलन ने विज्ञान संकाय (केमिस्ट्री) में 95त्नअंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा । रोहित तिवारी के फाइन आर्टस में 100 अंक और 6 बच्चो ने 99 अंक प्राप्त किए। कोऑर्डिनेटर अमरनाथ राणा ने बधाई दी।




तरावड़ी। गीता स्कूल के बच्चे अपने स्कूल स्टाफ के साथ । फोटो : हरिभूमि

# गीता मॉडर्न स्कूल के विद्यार्थी छाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें गीता मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल तरावड़ी का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। दसवीं कक्षा में खुशी रोहिला 96.4 प्रतिशत प्रथम स्थान ,स्मृति 96 प्रतिशत, द्वितीय स्थान, साहिल 90.8 प्रतिशत तृतीय स्थान प्राप्त किया। खुशी तंवर 90 प्रतिशत,भरत 90 प्रतिशत, हिमांशी 87 प्रतिशत नेहा 84.2 प्रतिशत, रोहित 83.4 प्रतिशत,दीक्षा 83.4 प्रतिशत,नैंसी 83.2 प्रतिशत,मुस्कान, 82.4 प्रतिशत तोमिंदर 81 प्रतिशत अंक लेकर अपने अभिभावकों और विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के प्रबंधक बालकृष्ण त्रिपाठी एवं प्रधानाचार्या रागिनी राय



ने बच्चों और उनके अभिभावकों को शानदार परीक्षा परिणाम के लिए बहुत-बहुत बधाई दी और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। शानदार परीक्षा परिणाम के उपलक्ष्य में विद्यालय में मिठाई बांटी गई।

# वोटर कार्ड के अलावा वोट डालने के कई विकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम अशोक कुमार ने बताया कि करनाल लोकसभा के लिए 25 मई 2024 को मतदान होगा। देश में चुनाव को पर्व की तरह मनाया जाता है और इस बार तो चुनाव आयोग ने चुनाव का पर्व-देश का गर्व स्लोगन भी दिया है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मतदाता यह सुनिश्चित कर लें कि उसका नाम मतदाता सूची में शामिल है या नहीं। यदि किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची मे हैं परंतु किसी वजह से वोटर कार्ड नहीं है तो वह निर्वाचन आयोग की हिदायत अनुसार अन्य वैकल्पिक पहचान पत्र दिखाकर भी वोट डाल सकता है। वोट डालने के लिए मतदाता का नाम मतदाता सूची होना जरूरी है। मतदाता का नाम मतदाता सूची में तो है, लेकिन उसके पास मतदाता पहचान पत्र नहीं है तो वह निर्वाचन आयोग द्वारा निर्दिष्ट वैकल्पिक पहचान पत्र में से कोई एक पहचान पत्र दिखाकर अपना वोट डाल सकता है। सहायक निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदाता वोट डालने के लिए वोटर कार्ड के अलावा अन्य वैकल्पिक दस्तावेजों में पासपोर्ट, केंद्रीय, सार्वजनिक उपक्रमों या सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंक या डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, पैन कार्ड, श्रम मंत्रालय द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज और आधार कार्ड का प्रयोग भी कर सकता है।

# अनेजा स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत रहा यशिका ने पांच सौ में से 478 अंक पाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

सीबीएसई द्वारा घोषित दसंवी कक्षा के परीक्षा परिणामों में अनेजा सिटी हार्ट स्कूल इंद्री का परिणाम शत प्रतिशत रहने से स्कूल में खुशी का माहौल है। स्कूल प्रबंधन की ओर से सभी अव्वल रहने वाले बच्चों को बधाई व शुभकामनाएं दी गई है। इस बारे में जानकारी देते हुए स्कूल प्रबंधन के विजय अनेजा ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत रहा है।

उन्होंने बताया कि इस बार दसंवी कक्षा में कुल 46 बच्चों ने परीक्षा दी थी जिनमें से पांच बच्चों ने 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक लेकर मैरिट में स्थान पाया है। उन्होंने बताया कि स्कूली छात्रा यशिका ने स्कूल में सबसे ज्यादा कुल पांच सौं में से 478 अंक (95.6 प्रतिशत) अंक लेकर स्कूल का नाम रोशन किया है। वहीं अंशिका ने 473 लेकर दूसरा, वंशिका व तेजस ने 455 अंक लेकर तीसरा, पलक अग्रवाल ने 448 अंक लेकर चौथा व तनिष्का ने 436 अंक लेकर पांचवा स्थान हासिल करने में सफलता हासिल की है। उन्होंने बताया कि 9 बच्चों ने 80 प्रतिशत अंक पाने में सफलता हासिल की है। अनेजा ने इस सफलता के लिए सभी अध्यापकों व अभिभावकों को बधाई दी। स्कूल प्रिंसीपल संजू भाटिया ने सभी अव्व्लल रहने वाले बच्चों को बधाई दी व उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर स्कूल स्टाफ के सचिन अरोड़ा, आशू मलहोत्रा, रविन्द्र कुमार, इन्दु, जसबीर सिंह व पूनम आदि मौजूद रहे।

### लोकसभा आम चुनावः आपत्तिजनक एसएमएस भेजने वालों पर टीम रखेगी नजर

कुरुक्षेत्र। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव-2024 में प्रचार के दौरान उम्मीदवार द्वारा थोक में भेजे जाने वाले एसएमएस का खर्च भी संबंधित उम्मीदवार के खाते में जोड़ा जाएगा। चुनावी प्रचार अवधि के दौरान वैकल्पिक निर्वाचन के प्रचार के लिए बल्क (थोक) में भेजे गए एसएमएस की जानकारी जिला प्रशासन व संबंधित सहायक रिटर्निंग अधिकारी को मिलने पर वह सेवा प्रदाता से इस पर हुए व्यय का अनुमान लगवाकर इसे उम्मीदवार के खाते में जोड़ देगा।

# आशा वर्कर्स का सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज. कैथल

ये समय भाजपा के 10 साल के दमन एवं उत्पीड़न का जवाब देने का समय है। यह बयान आज आशा वर्कर्स यूनियन की राज्य अध्यक्ष सुरेखा ने आशा वर्कर्स को संबोधित करते हुए दिया। आम सभा को सीटू के जिला कोषाध्यक्ष जयप्रकाश शास्त्री व यूनियन की जिला प्रधान सुषमा व जिला सचिव कविता ने भी संबोधित किया।

आशा वर्कर यूनियन हरियाणा के आह्वान पर आज कैथल की सैंकड़ो आशा वर्कर्स ने वेतन कटौती व ऑनलाइन काम के विरोध में और भाजपा हराओ तथा इंडिया ज़िताओ के आह्वान के साथ जवाहर पार्क में आम सभा को संबोधित करते हुए पेहवा चौक तक प्रदर्शन किया। आमसभा में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि आशा वर्कर्स लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को सपोर्ट करेंगे । बीजेपी की जन विरोधी नीतियों से जनता में भारी रोष है। महंगाई बेरोजगारी कई गुना बढ़ गई है। बेरोजगारी पर बात करने की बजाय प्रधानमंत्री मुसलमान पाकिस्तान पर ही बात करते रहते हैं। बीजेपी सरकार द्वारा अनेक घोटाले किए गए हैं। चुनावी बांड घोटाला देश का अब तक का सबसे बड़ा घोटाला है जिसे सुप्रीम कोर्ट ने असंवैधानिक बताते हुए रद्द किया है। चुनावी बांड का खुलासा होने के बाद ही पता चला है कि सरकार ने दवा कंपनियों से करोड़ों रुपए चंदा लेकर कम गुणवत्ता की दवाइयां को बाजार में बेचने की मंजूरी देकर देश की जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया है।

# अग्रसेन स्कूल में मनाया मातृ दिवस



कुरुक्षेत्र। सांस्कृतिक प्रस्तुति देते विद्यार्थी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

अग्रसेन पब्लिक स्कूल के ऑडिटोरियम में 'मातृ दिवस' के उपलक्ष्य में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर स्कूल संस्थापक सदस्यों की पत्नियाँ विशेष तौर पर उपस्थित थीं। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीमती इंदु कौशिक खंड शिक्षा अधिकारी एवं अतिथि गण द्वारा दीप प्रज्वलित कर गणेश व सरस्वती वंदना द्वारा किया गया। प्रधानाचार्या रीटा गोयल जी द्वारा मुख्य अतिथि व सभी माताओं का स्वागत किया गया। उन्होंने संबोधन में सभी माताओं को बच्चे की पहली शिक्षक व सबसे अच्छी दोस्त बताया। उन्होंने कहा- एक माँ कई रूपों में अपने बच्चे के जीवन को संभालती है। बच्चे की खुशी में ही उसकी खुशी और दुख में ही उसका दुख शामिल होता है।

## योजना के तहत पांचों लोगो से हर पंद्रह दिन बाद ली जाएगी रिपोर्ट

# सफाई अभियान चलाकर शिकायत दूर करें: प्रधान विरेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

शहर मे सफाई व्यवस्था ठीक से ना होने से शहर के लोग नगरपालिका मे शिकायतें लेकर पहुंच रहे है। तरावड़ी के प्रत्येक वार्ड से लगातार आ रही लचर सफाई व्यवस्था की शिकायतों व पार्षदों द्वारा इस मामले में विरोध दर्ज करवाने के बाद सोमवार को नगरपालिका की ओर से शहर की सफाई व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए योजना तैयार की और साथ ही शहर के सभी 15 वार्डों को सफाई दरोगा व नपा मोटीवेटरों सहित पांच लोगों को तीन-तीन वार्ड आबंटित किए गए और पांचों लोगो से हर पंद्रह दिन बाद रिर्पोट ली जाएगी। नगरपालिका प्रधान विरेंद्र बंसल व सचिव अजीत कुमार ने पार्षदो की मौजूदगी में मंगलवार से शहर में सफाई अभियान चलाकर गंदगी से अटे पड़े नालों को साफ करने का कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। इसमें सबसे पहले मंगलवार को वार्ड न. 15 में दोपहर बाद सफाई अभियान शुरू किया जाएगा। नगरपालिका सचिव अजीत कुमार ने बताया कि जिन पांच कर्मचारियों को तीन-तीन वार्डों की जिम्मेदारी दी गई है यदि वह अपने वार्डों मे व्यवस्था बेहतर करने में कामयाब नही हुए तो उनके खिलाफ की कार्रवाही की जाएगी। कचरा उठान की समस्या पर भी नगरपालिका सचिव ने कम्पनी के सुपरवाइजर को बुलाकर न केवल लताड़ लगाई बल्कि ठेकेदार को नोटिस भी जारी किया गया। उन्होंने कहा कि यदि उठान की व्यवस्था बेहतर न हुई तो ठेकेदार पर बड़ा जुर्माना किया जाएगा। इस अवसर पर उनके साथ ओमप्रकाश मल्होत्रा व नरेश गाबा सहित कई पार्षद उपस्थित रहे।



तरावड़ी। कार्यलय मे सफाई दरोगा को सफाई के बारे पूछताछ करते प्रधान विरेन्द्र बंसल, सचिव अजीत कुमार व पार्षद।

### दिए सख्त निर्देश

नपा प्रधान विरेंद्र बंसल ने बताया कि खराब सफाई व्यवस्था को लेकर कुछ ठोस निर्णय लिए गए है और जो भी अपने काम को सही ढंग से नही कर पाएगा उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। यह सभी कर्मचारियों को बता दिया है।

## खबर संक्षेप

### चोरी की गाड़ी खरीदने वाला पकड़ा

**पानीपत।** थाना चांदनी बाग पुलिस ने सेक्टर 25 में घर के बाहर से चोरी हुई फॉर्च्यूनर गाड़ी खरीदने वाले आरोपी मंजीत निवासी 38 पार्क मजिस्टीक वडीचेवाडी मुंम्बई महाराष्ट्र को बहादुरगढ से गिरफ्तार किया। थाना चांदनी बाग प्रभारी इंस्पेक्टर राकेश शर्मा ने बताया कि थाना चांदनी बाग में कपिल निवासी सेक्टर 11/12 हाल किरायेदार सेक्टर 25 पार्ट टू की शिकायत पर केस दर्ज है। कपिल की फॉर्च्यूनर गाड़ी 17 सितंबर 2019 को चोरी की गई थी।

### सांई मंदिर कमेटी के प्रधान बने डाबर

**पानीपत।** सांई ध्यान मंदिर में कमेटी का गठन किया गया। जिसमें प्रधान राजकुमार डाबर को सर्वसम्मति से चुना गया। वहीं राज मल्होत्रा को अध्यक्ष बनाया गया। सभी भक्तों की मौजूदगी में नवनियुक्त दोनों पदाधिकारियों का फूल मालाओं से व पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया। दोनों पदाधिकारियों ने कहा कि वह सांई भक्तों को जोडने का कार्य में तेज गति लायेंगे ताकि ज्यादा से ज्यादा बाबा का प्रचार हो सके।

### अच्छे रिजल्ट से विद्यार्थी खुश

**पानीपत।** नूरवाला की मोती कॉलोनी स्थित मोहित पब्लिक स्कूल का दसवीं का बोर्ड परीक्षा का परिणाम शानदार रहा। छात्रा सान्या ने 462 अंक लेकर प्रथम, ज्योति 458 अंक लेकर दूसरे और शिवम 438 अंक लेकर स्कूल में तीसरे स्थान पर रहे। प्रधानाचार्य राजेंद्र पाल व स्कूल की अध्यक्ष किरण रानी ने विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर बधाई दी और उनके उज्वल भविष्य की शुभकामना की। इस मौके पर मधुबाला, नितिन कुमार, अनुसुधा, शीतल, सोनिया, सरिता, सिमरन व ममता मौजूद रहे।

### आईबी कॉलेज की ऋचा प्रथम

**पानीपत।** आईबी पीजी कॉलेज की छात्रा ऋचा शर्मा ने अंग्रेजी एमए प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा में पूरे पानीपत में प्रथम तथा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में चतुर्थ स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय के गौरव को बढ़ाया। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य डॉ. अजय गर्ग, अध्यक्ष डॉ. नीलम दाहिया व डॉ. मधु शर्मा ने इस मेधावी छात्रा व उसके परिवार को बधाई दी।


## सीबीएसई ने कक्षा दसवीं और बारहवीं का परीक्षा परिणाम जारी किया

# डीएसपीएस का रिजल्ट रहा शानदार, छात्रों के खिले चेहरे

विद्यालय के वाइस चेयरमैन कार्तिक शर्मा ने उत्तीर्ण विद्यार्थियों को बधाई व उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

सीबीएसई ने कक्षा दसवीं और बारहवीं का परीक्षा परिणाम जारी किया। सत्र 2023-24 में दयाल सिंह पब्लिक स्कूल, पानीपत में बारहवीं कक्षा में कुल 136 छात्र थे और सभी छात्र सफल रहे। विद्यालय का परिणाम 100 प्रतिशत रहा। 133 बच्चों ने प्रथम श्रेणी प्राप्त की और 81 छात्रों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। दृष्टि ने 97.8ः अंक लेकर कला संकाय में स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि वंशिका-97 अंक लेकर नान-मेडिकल संकाय में स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। दिव्या ने 96.6 अंक लेकर मेडिकल संकाय में स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वही, पूर्ति 96.4ः अंक लेकर वाणिज्य संकाय में स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। दसवीं कक्षा में कुल 159 छात्र थे जिनका परिणाम 100 प्रतिशत रहा। 155 बच्चों ने प्रथम श्रेणी प्राप्त की और 89 बच्चे 80 प्रतिशत से ऊपर रहे। वही, अक्षत गोयल ने 98.4 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, दिव्या गुप्ता ने 98 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय, आकांशा ने 97.4 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य डॉ. विनीता कुमार तोमर ने उत्तीर्ण विद्यार्थियों को उज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया।




**पानीपत।** डीएसपीएस के उत्तीर्ण विद्यार्थी प्राचार्य डॉ विनीता तोमर के साथ प्रसन्न मुद्रा में। *फोटो : हरिभूमि*



**पानीपत।** प्रयाग इंटरनेशनल स्कूल के उत्तीर्ण विद्यार्थी प्रसन्न मुद्रा में। *फोटो : हरिभूमि*

### प्रयाग इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थी छाए

**पानीपत।** प्रयाग इंटरनेशनल स्कूल का 10वीं तथा 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। 12वीं कक्षा की छात्रा जन्नत जून ने 98.4% अंक लेकर प्रथम रही। जबकि विज्ञान में तान्या ग्रोवर 92.4% अंक लेकर प्रथम रही। कॉमर्स में रौनक तथा संयम 93.4 % अंक लेकर प्रथम रहे। दसवीं कक्षा में चिराग 97.8 % अंक लेकर प्रथम रहा। मिष्टी तथा वंश 96.4 % अंक लेकर द्वितीय रहे। सक्षम जैन तथा श्लोक गर्ग 96.2% अंक लेकर तृतीय स्थान पर रहे। 12वीं कक्षा में 24% छात्रों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किये। जबकि 10वीं कक्षा में 25% छात्रों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किए। स्कूल प्रशासन की ओर से उत्तीर्ण विद्यार्थियों को मिठाई खिला कर बधाई दी गई। जबकि प्रधानाचार्य अंजू गुप्ता ने बताया कि अध्यापकों, विद्यार्थियों व अभिभावकों के सांझे प्रयास के चलते स्कूल का रिजल्ट बहुत ही अच्छा रहा। वाइसचेयरमैन कार्तिक शर्मा ने उत्तीर्ण विद्यार्थियों को बधाई व उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया।

# छेड़खानी का विरोध करने पर परिजनों को घायल किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत में एक मनचले ने स्कूल में घुसकर 12वीं कक्षा की एक छात्रा के साथ छेड़छाड़ की। छेड़छाड़ का विरोध करने पर आरोपी ने छात्रा के चाचा और भाई के साथ हाथापाई की और घायल कर दिया। मौके पर युवक ने अपने परिजनों और पुलिस को बुलाया। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने में आने को कहा। स्कूल से जब पिता, अपने बेटे और छोटे भाई के साथ बाइक पर सवार होकर चौकी जा रहा था, तब रास्ते में उन पर कुछ अज्ञात बदमाशों ने धारदार हथियारों से हमला कर दिया और छात्रा के भाई को घायल कर फरार हो गए। घायलों को राहगीर तुरंत सिविल अस्पताल ले गए। जहां वे उपचाराधीन है। पुलिस ने इस मामले की गहन जांच शुरू कर दी है।

# पानीपत में तीन लाख एमटी गेहूं की हुई सरकारी खरीद

- सम्बंधित खरीद एजेंसियों द्वारा गेहूं की नियमित रूप से खरीददारी की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

रबी फसल खरीद अभियान 2024 के तहत जिला की विभिन्न मण्डियों में गेहूं की आवक दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। अब तक जिला में स्थापित किए गए 12 खरीद केन्द्रों व मण्डियों में 298359 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हो चुकी है तथा विभिन्न सरकारी एजेंसियों द्वारा 297194 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है। डीएफएससी द्वारा 37281 मीट्रिक टन गेहूं, हैफेड द्वारा 114924 मीट्रिक टन गेहूं, एचडब्ल्यूसी द्वारा 111525 मीट्रिक टन गेहूं, एफसीआई द्वारा 4761 का उठान किया जा चुका है। सरकार की ओर से इस सीजन के लिए गेंहू की खरीद निर्धारित मूल्य 2275 रुपये प्रति किवंटल पर की जा रही है। इधर, डीएफएससी आदित्य कौशिक ने जानकारी देते हुए बताया कि गत दिवस रविवार सांय इस कुल आवक में से अहर में 9587 मीट्रिक टन गेंहू, बबैल केन्द्र पर 5229 मीट्रिक टन, बाबरपुर खरीद केन्द्र पर 15844 मीट्रिक टन, बापौली खरीद केन्द्र पर 31202 मीट्रिक टन, छिछड़ाना केन्द्र पर 13105 मीट्रिक टन, इसराना खरीद केन्द्र पर 30225 मीट्रिक टन, मडलौडा खरीद केन्द्र पर 64742 मीट्रिक टन, नौल्था खरीद केन्द्र पर 2051 मीट्रिक टन, पानीपत खरीद केन्द्र पर 34844 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई है। इसी प्रकार समालखा मण्डी में 83580 मीट्रिक टन गेंहू, सनौली में 5290 मीट्रिक टन, उरलाना में 2660 मीट्रिक टन की आवक हुई है और सम्बंधित खरीद एजेंसियों द्वारा गेहूं की नियमित रूप से खरीददारी की गई है।

# नागरिकों का स्वास्थ्य जांचा

- मुफ्त चिकित्सा और स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

मदर्स डे एवं अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस पर देवी मूर्ति अस्पताल एवं इनर व्हील क्लब पानीपत मिड टाउन ने जरूरतमंदों के लिए एक मुफ्त चिकित्सा और स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। वहीं चिकित्सा शिविर में देवी मूर्ति अस्पताल से डॉ.शंकर तायल, डॉ.रिया बोदावाला, डॉ.विजय शर्मा, डॉ.साहिल गर्ग, डॉ.राधिका गर्ग ,शिवेन गर्ग, डॉ.दीप्ति जैन ने नागरिकों का स्वास्थ्य जांचा। जबकि कैंप में सरवाइकल कैंसर टेस्ट, पैप स्मीयर निशुल्क किया गया। जबकि बुजुर्ग महिला का ब्रेस्ट कैंसर टेस्ट भी किया गया। देवी मूर्ति अस्पताल एवं इनर व्हील पानीपत मिड टाउन दोनों नियमित रूप से रक्त शिविर और चिकित्सा शिविर आयोजित करने में सक्रिय हैं। मरीजों को डॉक्टरों द्वारा बताई गई दवाएं मुफ्त दी गई। वहीं इनर व्हील मिड टाउन के सदस्यों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस पर अस्पताल की सभी नर्सों को पौधे देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कीर्ति, पूजा, सागर व सिया, इनर व्हील क्लब से अध्यक्ष नीतू छाबड़ा, सीमा बब्बर, मंजरी गोयल, अंबिका गोयल, रूपाली, मोनिका व स्वाति गोयल आदि उपस्थित रहे।



**पानीपत।** मदर्स डे पर आयोजित मेडिकल कैंप में मरीजों की जांच करते चिकित्सक। *फोटो : हरिभूमि*

# श्री श्री रविशंकर के जन्मोत्सव पर हुई भजन संध्या

- दिल्ली से आए भजन गायक अंकित चितकारा ने अपने दिव्य भजनों से उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत आर्ट आफ लिविंग परिवार द्वारा आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के संस्थापक श्री श्री रविशंकर के जन्मदिवस के अवसर पर दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रथम दिन सर्वप्रथम सभी आर्ट ऑफ लिविंग सेंटर्स पर ध्यान व साधना करवाई गई व दिव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में गुरु पूजा पंडितों कुसुम धीमान व सुरेंद्र गोयल के द्वारा गुरुदेव के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने के लिए मंत्रोच्चारण से गुरु पूजा करवाई गई। पूजा के उपरांत दिव्य भजन संध्या प्रारंभ की गई। जिसमें दिल्ली से आए भजन गायक अंकित चितकारा ने अपने दिव्य भजनों से उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वही, उपस्थित श्रोतागण उनके गाए भजनों पर झूम उठे। इस अवसर पर बलराम नंदवानी, हरीश बंसल, सत्य प्रकाश, हरियाणा स्टेट मीडिया कोऑर्डिनेटर कुसुम धीमान, आर्ट आफ लिविंग शिक्षक दीपक सिंघल, गौतम सेतिया, संजीव मनचंदा, विशाल गोस्वामी, अनिल टंडन, अनिता खुराना, नमन ,विश्व, यतिन कथूरिया, विक्रांत सुमित, अखिल आदि उपस्थित रहे।



**पानीपत।** श्रीश्री रवि शंकर के जन्मोत्सव में भाग लेते हुए श्रद्धालुगण। *फोटो : हरिभूमि*

# दवा प्रतिनिधि संघ के अध्यक्ष बने सूरज

- हरीश अरोड़ा के सशक्त मार्ग दर्शन में प्रदेश संगठनात्मक कार्य लगातार आगे बढ़ रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हरियाणा दवा प्रतिनिधि संघ भारतीय मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेसेंटाटिव महासंघ के प्रदेश का चुनाव आयोजित हुआ। जिसमें ऑल इंडिया भारतीय मजदूर महासंघ के महामंत्री जय प्रकाश कौशिक की अध्यक्षता में चुनाव हुआ। जिसमें प्रदेश के अध्यक्ष सूरज पाल मान, उप प्रधान विकास वान्चु व जसविंद्र सिंह, महामंत्री विकास बिश्नोई, सह सचिव कुलदीप अत्री व अमित फुटेला, कोषाध्यक्ष संजय



नैय्यर एवं सह कोषाध्यक्ष वरुण कुमार, संगठन सचिव हरीश अरोड़ा एवं सर्व सहमति से जय प्रकाश कौशिक को लीगल सेक्रेटरी के पद पर चुना गया। इस अवसर पर पानीपत यूनिट के प्रधान हर सिमरन जोत सिंह, महासचिव प्रफुल्ल चंद्र झा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुरेश शर्मा एवं रवि प्रकाश भी उपस्थित थे। वही, हरीश अरोड़ा के सशक्त मार्ग दर्शन में प्रदेश संगठनात्मक कार्य लगातार आगे बढ़ रहे है।

# कैंप में 575 नागरिकों का स्वास्थ्य जांचा

- जरूरमंदों की सेवा करना ही प्रभु की भक्ति है
- स्वामी ज्ञानानन्द महाराज ने संस्था के सदस्यों को सम्मानित कर आशीर्वाद दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

आदर्श एक विश्वास संस्था द्वारा एक निःशुल्क चिकिस्ता शिविर का आयोजन सेक्टर 13-17 में गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज के अवतरण दिवस के उपलक्ष्य में लगाया गया। कैम्प में कुल 575 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई। कैम्प में डा.संजय सेन, डा.विक्रांत रंगा द्वारा सांस के मरीजों की, डा.पीयूष वधावन द्वारा हड्डियों की, डा.मनीषा भाटिया, डा. प्रशांत शर्मा, डा.अर्जुन श्रीधर द्वारा दांतों की, डा.श्रेया मिढ़ा, डा.जोत सिंह व गुलशन अरोड़ा द्वारा आखों की जांच व डा. केदार बतरा द्वारा होम्योपैथी की दवाइयां दी गई। गई। वहीं स्वामी ज्ञानानन्द महाराज ने संस्था के सदस्यों को सम्मानित कर आशीर्वाद देते हुए कहा कि जरूरमंदों की सेवा करना ही प्रभु की भक्ति है। वहीं आदर्श एक विश्वास संस्था के पदाधिकारियों व सदस्यों के अंदर सेवा का जज्बा कूट कूट कर भरा है, जिसकी जितनी सरहाना की जाए कम है। इस अवसर पर संस्था की ओर से नवीन मुंजाल, संदीप अरोड़ा, अंकित शर्मा, गौरव तागरा, अशोक कालडा, अनिल चराया, हिमांशु गांधी, राकेश राजपूत, अशोक कनोजिया, अजय दुबे, परवीन रोहिल्ला, तरुण खुराना, कशिश ढिंगरा उपस्थित रहे।



**पानीपत।** आदर्श एक विश्वास संस्था के मेडिकल कैंप में नागरिकों के स्वास्थ्य जांचते हुए चिकित्सक। **फोटो :हरिभूमि**

# महाराणा प्रताप स्कूल का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा

- 24 बच्चों ने दसवीं की परीक्षा दी थी, जिनमें से 12 बच्चों ने मेरिट प्राप्त की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा घोषित दसवीं के परिणाम में महाराणा प्रताप हाई स्कूल ददलाना का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। स्कूल के मुख्य अध्यापक बृजमोहन शर्मा ने बताया कि इस वर्ष विद्यालय के 24 बच्चों ने दसवीं की परीक्षा दी थी। जिनमें से 12 बच्चों ने मेरिट प्राप्त की है। 12 बच्चों ने प्रथम श्रेणी में कक्षा उत्तीर्ण की है। उन्होंने बताया कि अमन कुमार ने 448 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम, स्नेहा ने 446 से द्वितीय और मानसी ने 443 से विद्यालय में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। जबकि मीनाक्षी ने 440, खुशी ने 435, रिया ने 431, रश्मि ने 424, नैंसी ने 422, मनीषा ने 415, साहिल ने 412, सागर ने 410 और साहिल ने 500 अंकों में से 403 अंक प्राप्त कर मेरिट प्राप्त की है। बाकी अन्य विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में कक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय का नाम रोशन किया है।

## ब्राह्मणों को परशुराम के जीवन के बारे में बताया

# भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के गांव पट्टीकल्याण स्थित ब्राह्मण धर्मशाला में भगवान परशुराम जन्मोत्सव मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता ऑल इंडिया ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरि प्रकाश शर्मा ने की और ब्राह्मणों को परशुराम के जीवन के बारे में विस्तार से बताया। वहीं भगवान परशुराम को पुष्प अर्पित कर देश की खुशहाली की कामना की। ब्राह्मण सभा के प्रधान लोकेश शर्मा पट्टीकल्याणा ने ने बताया कि भगवान परशुराम हमारे प्रेरणा स्त्रोत हैं जो की त्याग के प्रतीक हैं। भगवान परशुराम जी ने 21 बार पृथ्वी को राक्षस विहीन किया है। इस मौके पर गांव के सबसे बुजुर्ग व्यक्ति बलवंत शर्मा के साथ-साथ गांव में जो भी 70 वर्ष से ऊपर के बुजुर्ग थे उन सबको पगड़ी पहनकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सुशील शर्मा उर्फ शीलू, टेकचंद शर्मा, हरिओम शर्मा, पंडित दर्शन शर्मा, सुभाष शर्मा, मोहन शर्मा ,सुभाष इनकम टैक्स डिपार्मेंट, महेश शर्मा, प्रवीण शर्मा, सतनारायण सरपंच, गंगा स्वरूप, प्रदीप मा., डॉ.राजेंद्र शर्मा, राजवीर शर्मा, अनिल शर्मा, अंकुश शर्मा, लोकेश शर्मा, रमेश शर्मा, भरत शर्मा, लहरी शर्मा, शिवनारायण शर्मा, मा.करण सिंह शर्मा व लहरी शर्मा आदि मौजूद रहे।



**पानीपत।** भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर अतिथियों को सम्मानित करते हुए मेजबान। **फोटो :हरिभूमि**

# कुष्ठ रोगियों से न करें भेदभाव इन्हें दे पूरा सम्मान

- पानीपत में 26 मई तक चलाया जाएगा कुष्ठ रोग खोज अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने सोमवार को जिला सचिवालय में कुष्ठ रोग खोज अभियान की जिला स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे जिला को कुष्ठ रोग से मुक्त बनाने में कोई भी कोर कसर न छोड़े। जिले में उपलब्ध सभी संभावित संसाधनों का उपयोग कर एक दूसरे को सम्मान दें और कुष्ठ रोगियों के साथ बिल्कुल भी भेदभाव न करें और दूसरों को भी न करने दे। उन्होंने अपील की कि कुष्ठ रोग से प्रभावित व्यक्तियों और उनके परिवार के सदस्यों के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव ना करें। व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से कुष्ठ रोग से प्रभावित व्यक्तियों के विरुद्ध खुलकर भेदभाव को समाप्त करने के लिए काम करें। इसके लिए 13 मई से 26 मई तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। हम सबको इसके लिए विशेष तौर पर काम करना होगा ताकि कुष्ठ रोगियों को मुख्य धारा में लाया जाए। उन्होंने कहा कि कुष्ठ रोग कोई छूत की बीमारी नहीं है। यह रोग पूर्णतया ठीक हो सकता है। इसकी दवाई सभी स्वास्थ्य केंद्रों में निशुल्क मिलती है। सभी स्वास्थ्य केंद्रों में इसका इलाज निशुल्क किया जाता है। बैठक में नोडल अधिकारी डॉ. ललित वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बार इस अभियान के तहत पूरा पानीपत जिला कवर होगा। पिछले वित्त वर्ष में जिला की आधी जनसंख्या को कवर किया गया था। इस समय जिला में 64 कुष्ठ रोगियों की पुष्टि की गई है। इस बैठक के अलावा उपायुक्त ने धुम्रपान निषेध और निरोगी हरियाणा को लेकर भी बैठक ली और आवश्यक दिशानिर्देश दिए। बैठक में डॉ. दिव्या, डॉ. कपिल, डॉ. रिंकू, जिला ड्रग कंट्रोलर विजय राजे भी उपस्थित रहे।

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत**

**सचिन गुप्ता पुत्र स्व. श्री बाबू रमेश गुप्ता निवासी मकान न. 70-बी, प्लेटिनियम एन्क्लेव, पॉकेट-आई, सेक्टर-18, रोहिणी, दिल्ली वा मकान न. 100, सेक्टर-11-12, हुडा, पानीपत।**

**बनाम**

**जनरल पब्लिक**

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि सचिन गुप्ता पुत्र स्व. श्री बाबू रमेश गुप्ता निवासी मकान न. 70-बी, प्लेटिनियम एन्क्लेव, पॉकेट-आई, सेक्टर-18, रोहिणी, दिल्ली वा मकान न. 100, सेक्टर 11-12, हुडा, पानीपत ने एक वारिसान प्रमाण-पत्र बाबत वारिसान तस्दीक, इस कार्यालय में पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि स्व. श्री बाबू रमेश गुप्ता की मृत्यु दिनांक 03.05.2021 को हो चुकी है व उनकी माता जी श्रीमती भरपाई देवी की मृत्यु पहले हो हो चुकी है व अब स्व. श्री बाबू रमेश गुप्ता की मृत्यु के बाद उनके निम्न वारिस/उत्तराधिकारी हैं :-

1. सरोज गुप्ता (विधवा) 2. विपिन गुप्ता (पुत्र) 3. सचिन गुप्ता (पुत्र)

इनके अलावा स्व. श्री बाबू रमेश गुप्ता के अन्य कोई वारिस न है। जिसके बाबत प्रार्थी ने शपथ पत्र भी पेश किया है, इसलिए हर आम व खास को नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतकों के बताये गए वारिसों के बाबत कोई शक व ऐतराज हो तो स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरांत 15 दिनों के अंदर-अंदर उपरोक्त कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है, अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर वारिसों की तस्दीक बाबत वारिसान प्रमाण-पत्र जारी कर दिया जायेगा ।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 08.05.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया है।

**तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार, पानीपत**

खबर संक्षेप

## भावना ने 100 में से 100 अंक हासिल किए

**नारायणगढ़।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नगलराजपूतन का दसवीं कक्षा का परिणाम 100 प्रतिशत रहा प्रधानाचार्य कमल सैनी ने बताया बोर्ड की बारहवीं कक्षा का परिणाम 100 प्रतिशत रहा। भावना ने 94.6 प्रतिशत लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि ईशा 91.4 लेकर दूसरा स्थान प्राप्त किया और योगेश ने 88 प्रतिशत लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। भावना ने पंजाबी विषय में 100/100 अंक प्राप्त किए।

## चाकू रखने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी के हाथीखाना मंदिर के पास से पुलिस ने कमानीदार चाकू रखने के मामले में आरोपी संदीप उर्फ बंटी को गिरफ्तार किया। पुलिस दल को सूचना मिली थी कि आरोपी के पास अवैध हथियार है जो किसी अप्रिय घटना को अंजाम दे सकता है। वह हाथी खाना मंदिर की तरफ से आएगा। सूचना उपरांत सीआईए-2 ने नाकाबंदी के दौरान आरोपी को काबू कर लिया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया।

## धोखाधड़ी के मामले में आरोपी शामिल जांच

**अंबाला।** थाना महेशनगर में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने आरोपी महिला को शामिल जांच किया है। शिकायतकर्ता मुकेश कुमार ने 24 नवंबर 2023 को शिकायत दर्ज कराई थी आरोपी महिला व अन्य ने व्यापार के मामले में उससे एक बड़ी रकम हड़प कर धोखाधड़ी करने का अपराधिक कार्य किया है।

## धमकी देने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी पवन कुमार उर्फ पवना को गिरफ्तार किया है। परिवादी तुषार ने 9 मई 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी पवन कुमार उर्फ पवना व अन्य ने उससे तथा उसके अन्य दो साथियों से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देने का अपराधिक कार्य किया है।

## नर्सिंग सिखाता सेवा का भाव : निशा

**उचाना।** मानव के स्वास्थ्य के संरक्षण में एक डॉक्टर के योगदान के साथ-साथ एक नर्स की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। प्रति वर्ष नसोर्ं के योगदान को सम्मानित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया जाता है। नागरिक अस्पताल उचाना में कार्यरत नर्सिंग ऑफिसर निशा ने कहा कि नर्सिंग एक ऐसा जनून है जो समाज को सेवा का भाव सिखाता है। नसेंर् ही हैं जो रोगयुक्त वातावरण में समाज को रोगमुक्त करने का संकल्प लेती है। हर व्यक्ति को नसार्ं के प्रति सम्मान का भाव रखना चाहिए।

## जेसिस भवन में लगाया गया नशा मुक्ति कैंप

**सफीदों।** जेसीज भवन में पुलिस प्रशासन द्वारा नशामुक्ति अभियान चलाया गया। इस मौके पर नशामुक्ति अभियान के सब इंस्पेक्टर नरेश कुमार ढांडा, सिटी थाना प्रभारी ईश्वर सिंह, स्वास्थ्य विभाग से डॉक्टर संदीप कुमार, फार्मासिस्ट कुलबीर, योगा सहायक अंकित विशेष रूप से मौजूद रहे। इस मौके पर नशे से लिप्त व्यक्तियों को दवाई दी गई और नशा ना करने के लिए व उससे बचने के लिए प्रेरित किया।

### मुरलीधर डीएवी स्कूल के एकमजोत ने नॉन मेडिकल में 96.8 फीसदी अंक हासिल कर मारी बाजी

# पुलिस डीएवी स्कूल के माधव शर्मा ने कॉमर्स संकाय में 97.6 फीसदी अंक लेकर पूरे स्कूल में किया टॉप

## स्कूलों में कामयाबी पर छात्रों ने मनाया कामयाबी का जश्न

हरिभूमि न्यूज. अंबाला

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से बारहवीं कक्षा का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित होते ही ज्यादातर स्कूलों में छात्र खुशी से झूम उठे। छात्रों ने शिक्षकों के साथ अपनी सफलता का जश्न मनाया।



**अंबाला।** एमएम सीनियर सैकेंडरी स्कूल के छात्र विजयी मुद्रा में।

### वाणी गोयल ने मारी बाजी

एमएम सीनियर सैकेंडरी स्कूल के 236 विद्यार्थियों ने बारहवीं की परीक्षा दी। वाणी गोयल 95.8% के प्रभावशाली स्कोर के साथ मानविकी के प्रकाश स्तंभ के रूप में उभरी हैं। अंशिका आनंद ने मेडिकल स्ट्रीम में शानदार प्रदर्शन करते हुए 95.6% अंक हासिल किए। यशवीर सभरवाल 95.4% उत्कृष्टता के साथ गैर-चिकित्सा क्षेत्र में शीर्ष पर हैं। गुरनीत कौर ने कॉमर्स में शानदार प्रदर्शन करते हुए यशवीर के 95.4% की बराबरी की। इश्मीत कौर ने नॉन-मेडिकल में कौशल का प्रदर्शन करते हुए सराहनीय 94.2% अंक हासिल किए। इसी तरह मुस्कान ने 93.4% अंक हासिल किए, सात्विक सिंह ने 93.4%, आंचल ने 92%, मनस्वी शर्मा ने 90.6%, मुस्कान ने 90.2%, मन्नत ने 89.6%, आर्यन वासदेव ने 89%, तरणप्रीत घोत्रा ने 88.4%, आशिका ने 88%, हरनूर सिंह ने 87.8%, गुरलीन कौर ने 86%, वंशिका ने 85.8%, रीत गोराया ने 85.4% और हार्दिक ने 85.2% फीसदी अंक हासिल किए। 26 छात्रों ने 90 फीसदी से ज्यादा अंक हासिल किए।

### अमृतकौर ने स्कूल में टॉप किया

**बराड़ा।** सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा बाहरवीं के परीक्षा परिणाम में संत मोहन सिंह पब्लिक स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत रहा। मेडिकल संकाय में अमृत कौर ने 95% अंक लेकर टॉप किया। वाणिज्य संकाय में सिमरजीत कौर ने 94% और कशिश ने 94% अंक लेकर टॉप किया। नॉन मेडिकल में करणजोत सिंह ने 92 % अंक लेकर एवं आर्ट्स में रोहन धीमान ने 94% अंक लेकर टॉप किया। केमिस्ट्री में 100, इंग्लिश में 97, हिस्ट्री में 95, पोल साइंस में 95, बीएसटी में 98, फिजिकल मे 98, एकाउंट्स मे 97, इकोनॉमिक्स मे 94, बॉयोलॉजी में 95 और मैथ्स में 95 अंक अधिकतम अंक प्राप्त किया। स्कूल में 40 बच्चों ने 90% से अधिक, 62 बच्चों ने 75% से अधिक अंक, 77 बच्चों ने 60% से अधिक अंक प्राप्त करके स्कूल क नाम रोशन किया। स्कूल मैनेजिंग कमिटी के प्रधान दीदार सिंह, सचिव जसपाल सिंह, एवं अन्य सदस्य, प्रिंसिपल वरिंदर कौर एवं वाईस प्रिंसिपल हरविंदर सिंह ने सभी अध्यापको एवं बच्चों को बधाई दी।



**बराड़ा।** विजेता छात्रों के साथ स्कूल स्टाफ।।

### 100 फीसदी रहा परीक्षा परिणाम



**बराड़ा।** परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करने वाले स्टूडेंट्स स्टॉफ के साथ।

**बराड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धनौरा का 12 वीं का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 100% प्रतिशत रहा इसमें 5 विद्यार्थियों ने मेरिट और 13 विद्यार्थियों ने फर्स्ट डिवीजन प्राप्त की।कक्षा 12 वीं में गुरमीत ने 83.4% अंक हासिल कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। पायल ने 82% अंक प्राप्त कर विद्यालय में दूसरा स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार महक ने 77.8% अंक प्राप्त कर विद्यालय में तीसरा स्थान हासिल किया। विद्यालय प्रधानाचार्या गीता रानी जी ने सभी विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों को उत्कृष्ट बोर्ड परिणाम के लिए बहुत बहुत बधाई दी।

### एकमजोत ने नॉन मेडिकल में किया टॉप


**अंबाला।** मुरलीधर डीएवी स्कूल के छात्र जिन्होंने शानदार प्रदर्शन किया।

**अंबाला।** मुरलीधर डीएवी पब्लिक सीनियर सैकेंडरी विद्यालय में छात्रों में हर्ष की लहर दौड़ गई। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. राधा रमन सूरी ने बताया कि नॉन मेडिकल संकाय में एकमजोत 96.8%, वाणिज्य संकाय में पारुल 95.2%, कला संकाय में हिमाद्रि 94% व मेडिकल संकाय में परिनूर 93.6% अंक लेकर अपने अपने विभाग में प्रथम स्थान पर रहे। उन्होंने यह भी बताया कि 25 छात्रों ने 90% से ऊपर अंक प्राप्त किए हैं। 113 छात्रों ने मेरिट लिस्ट में स्थान प्राप्त किया है। 266 छात्रों ने प्रथम श्रेणी में सफलता पाई है। छात्र एकमजोत ने गणित में व आदित्य मुंजाल,आकाश बंसल व अंश सूदन ने संगीत विषय में शत प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। डीएवी मैनेजिंग कमेटी के चेयरमैन प्रीतम पाल एवं विद्यालय के मैनेजर डॉ विवेक कोली ने अभिभावकों , विद्यार्थियों एवं अध्यापकों को बधाई एवं साधुवाद दिया।

### 24 छात्रों ने प्राप्त किए 100 में से 100 अंक




**अंबाला।** अंबाला शहर के पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल का बारहवीं कक्षा का परिणाम हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी शत प्रतिशत व शानदार रहा। इस अवसर पर स्कूल प्रिंसिपल डॉ. विकास कोहली ने विद्यार्थियों की सफलता के बारे में बताते हुए कहा कि इस वर्ष सभी विद्यार्थी अच्छे अंक लेकर उत्तीर्ण हुए। 56 बच्चों ने 90% से अधिक अंक लेकर सफलता प्राप्त की। 24 विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रौशन किया। माधव शर्मा ने 97.6 %अंक लेकर कॉमर्स में प्रथम स्थान प्राप्त किया। तनवी ने 97% अंक लेकर मेडिकल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। हर्षिता ने 96.8 % अंक लेकर ह्यूमेनिटिस (आर्ट्स) में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रणव अरोड़ा ने 95.8% अंक लेकर नॉन-मैडिकल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रिंसिपल डॉ. विकास कोहली ने विद्यार्थियों की इस सफलता के लिए बच्चों को, उनके माता-पिता को व उनके अध्यापकों को बहुत-बहुत बधाई दी।

## 96.4 फीसदी अंक लेकर देवांश ने किया टॉप

**नारायणगढ़।** डीएवी पब्लिक सीनियर सैकेंडरी स्कूल में सीबीएसई द्वारा घोषित बारहवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. आरपी राठी ने बताया कि बोर्ड के परीक्षा परिणाम में देवांश (मेडिकल)ने 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। इसी प्रकार वारिस वीर 95.6 प्रतिशत (मेडिकल) दूसरे, स्वास्तिक अग्रवाल(नोन मेडिकल ) 94.6 प्रतिशत के साथ तीसरे,बनप्रीत सिंह (आर्ट्स ) 93.6 प्रतिशत अंक लेकर चैथे ,तान्या (कॉमर्स ) 92.4 प्रतिशत अंक प्राप्त करके पाँचवें स्थान रहे। प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए बताया कि बारहवीं कक्षा में कुल 239 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी जिसमें 90 प्रतिशत से ऊपर 8विद्यार्थी, 85 प्रतिशत से अधिक अंकों में 28 विद्यार्थी और 75 प्रतिशत से अधिक 76 विद्यार्थी और 60 प्रतिशत से उपर 190 विद्यार्थी रहे हैं। राठी ने कहा कि विद्यार्थियों ने कठिन परिश्रम और शिक्षकों के मार्गदर्शन से ही बेहतरीन अंक प्राप्त किए हैं। विद्यालय के चेयरमैन जस्टिस प्रीतम पाल ,प्रबंधक विवेक कोहली , डॉ. विकास कोहली ने भी विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों व शिक्षकों को शानदार परीक्षा परिणाम के लिए शुभकामनाएं दी।


**नारायणगढ़।** बारहवीं कक्षा में टॉप करने वाले देवाश, वारिस बीर सिंह।

## मेडिकल में वरदान ने किया टॉप, 97 फीसदी अंक हासिल कर मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज. नारायणगढ़


छवी | कार्तिक | रूपिन्द्र | वरदान

सोमवार को जारी हुए सीबीएसई के 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में ब्लयू बैल्स वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का रिजल्ट शानदार रहा। स्कूल के प्राचार्य राजीव मेहता ने बताया कि उनके विद्यालय की छात्रा छवि ने मेडिकल में 95 .8 प्रतिशत अंक प्राप्त किये तथा नॉन मेडिकल में वरदान गुप्ता ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। इसी प्रकार कामर्स में कार्तिक मिन्हास ने 92.8 प्रतिशत तथा रूपिन्द्र कौर ने आर्ट में 93.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। उन्होंने बताया कि 12वीं कक्षा के 148 विद्यार्थियों में से 10 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से उपर, 42 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से उपर तथा 59 विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से उपर अंक प्राप्त किये। सीबीएसई के 10वीं कक्षा के परिणाम में विद्यालय के कुल 163 विद्यार्थियों में से 161 छात्रों ने परीक्षा पास की। उन्होंने बताया कि उनके स्कूल की छात्रा पूर्णिमा ने 96.6 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय में प्रथम , कैरीन सैनी ने 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा कोमल ने 94.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य ने सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## 12वीं कक्षा के 25 विद्यार्थियों ने मेरिट में स्थान पाया



**बराड़ा**

एंजेल पब्लिक स्कूल की कक्षा 12वीं का शानदार परीक्षा परिणाम से छात्र अभिभावक एवं शिक्षक गदगद हुए। 12वीं कक्षा की छात्रा दीक्षा ने आर्टस में 96%, जश्नप्रीत ने नॉन मेडिकल में 94% अंक प्राप्त किये ।वही 12वीं कक्षा की छात्रा दीक्षा में राजनीति विज्ञान में 100% तथा शेष विषयों में 95% से अधिक अंक प्राप्त कर क्षेत्र व स्कूल का नाम रोशन किया। स्कूल प्रबंधक पुष्पेंद्र राणा, डायरेक्टर कोमल शर्मा, प्राचार्या वीना मेहता ने इस अभूतपूर्व शानदार सफलता का श्रेय विद्यार्थियों के कड़े परिश्रम, अभिभावकों के त्याग एवं शिक्षकों के उचित व सार्थक मार्गदर्शन को देते हुए मेधावी छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना का आशीर्वाद दिया।

## बिजली की लाइन अलग करने को ग्रामीणों ने पॉवर हाउस पर जड़ा ताला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

सेढ़ा माजरा गांव के पॉवर हाऊस में ग्रामीणों ने एकत्रित होकर गेट को ताला जड़ दिया। यहां पर बिजली निगम के खिलाफ नारेबाजी कर रोष प्रकट ग्रामीणों ने किया। गेट को ताला जड़े जाने की सूचना मिलने पर एसडीओ संजय कुमार पहुंचे। दो घंटे तक गेट पर ताला ग्रामीणों ने लगाया। सरपंच प्रतिनिधि अनूप, रामदिया, राजा, काला, मनोज, ने कहा कि जो गांव की लाइन है उसको दूसरी लाइनों से अलग करवाने की मांग ग्रामीणा काफी लंबे समय से कर रहे है। लंबी लाइन होने के चलते बिजली में फाल्ट होता रहता है जिससे पूरा गांव परेशान है। जिस लाइनमैन की ड्यूटी है वो भी समय पर नहीं आता है। खुद ग्रामीण आकर ही लाइन को ठीक करने पर मजबूर है। बिजली निगम के एसडीओ ने आश्वासन दिया है कि 10 दिनों के अंदर ग्रामीणों की मांग पूरी हो जाएगी। स्कूल के पास ट्रांसफार्मर की जरूरत है। इस मांग को एक साल हो चुका है जिसको लेकर बार-बार आश्वासन दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि चार दिन हो चुके है रात को बिजली गुल रहती है। बिजली पूरी रात ट्रिप करती रहती है। गर्मी के मौसम में खेतों से जब ग्रामीण घर पहुंचते है तो बिजली गुल मिलती है। रात को चैन की नींद भी ग्रामीण नहीं सो पाते है। जो इंवर्टर घरों में लगे है वो भी बिजली कम आने के चलते ठप्प हो जाते है। 10 दिनों तक मांग पूरी नहीं हुई तो फिर से ताला लगाने को ग्रामीण मजबूर होंगे। एसडीओ संजय कुमार ने कहा कि सेढ़ा माजरा की लाइन अलग करने की मांग की गई है।




### जनवादी महिला समिति ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**जींद।** जनवादी महिला समिति द्वारा झूठ और नफरत की राजनीति करने वाली भाजपा को हराने के लिए महिलाओं के बीच में अभियान की चलाया गया। इस अभियान में जनवादी महिला समिति की रा'य अध्यक्ष सविता, जिला प्रधान नूतन प्रकाश, जिला सचिव कविता, कार्यकारी सचिव कोशिगन, सहसचिव आशा, सुनीता बैनर्जी, प्रवेश, नीलम व भतेरी आदि नेतागण शामिल हैं। जींद जिला के गांवों निडाना, निडानी, ललितखेड़ा, सिंध्वीखेड़ा, संगतपुरा, ईंटल, जलालपुर कलां, जाजवान व चंद्रलोक कालोनी, हाउसिंग बोर्ड आदि में संगठन द्वारा जनसंपर्क अभियान चलाया गया। रा'यध्यक्ष सविता ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा चुनावों की प्रक्रिया चली हुई है।

## मां के जीवन में आती हैं समस्याएं बीके बहनों ने बताया सटीक समाधान

हरिभूमि न्यूज. अंबाला

ब्रह्माकुमारी अंबाला कैंट द्वारा मातृ दिवस पर ₹स्वच्छ और स्वस्थ परिवार के लिए माताओं की भूमिका₹ नामक कार्यक्रम के तहत पैनल डिस्कशन का आयोजन किया गया। इसमें डॉ. कमलेश दत्ता, सुषमा सिंह , राजयोगिनी बीके आशा दीदी, बीके शोभा दीदी, बीके शैली दीदी ने माताओं की जिंदगी में आने वाले समस्याओं रूपी प्रश्नों का सटीक समाधान बताया। साथ ही राजयोग की सुंदर अनुभूति भी कराई।कुमारी सना, भूमि, दिव्या ने मातृ दिवस से संबंधित सुंदर नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी। आरती मारकंडे ने मातृ दिवस को समर्पित मधुर गीत सुनाया। कुमारी सान्वी ने मातृ दिवस का महत्व बताते हुए अपना वक्तव्य रखा। सभा में उपस्थित सभी माताओं को मनोरंजक गतिविधियां कराई। अंत में आए हुए विशेष मेहमानों को परमात्मा स्मृति की सौगात दी गई। रितु शर्मा और बीके प्रीति बहन ने मंच संचालन किया।


**अंबाला।** मातृ दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेती महिलाएं।

### बुजुर्ग महिला व उसका पति घर से लापता

अंबाला। कैंट से एक बुजुर्ग महिला व उसका पति घर से लापता हो गए। वापस नहीं लौटे तो उनके बेटे ने पुलिस में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। दोनों के मोबाइल नंबर भी बंद आ रहे हैं। दंपती के बेटा और बेटी अपने माता-पिता को तलाश रहे हैं। अंबाला कैंट के तोपखाना बाजार के विकास कुमार ने बताया कि 10 मई की शाम करीब साढ़े 7 बजे वह अपने कुत्ते को बाहर घुमा रहा था। वह घर वापस आया तो देखा कि उसके पिता ओम प्रकाश (65) और माता सुदेश (60) दोनों कहीं जाने को तैयार थे। शिकायतकर्ता के मुताबिक, जब उसने पूछा तो पापा ने बताया कि मेरी बहन सोनम की सहेली की मृत्यु हो गई है। उसे देखने के लिए सिविल अस्पताल अंबाला कैंट जा रहे हैं। बस आना-जाना करना है,थोड़ी देर बाद वापस लौट आएंगे। शिकायतकर्ता ने बताया कि रात साढ़े 9 बजे तक उसने अपने माता-पिता का इंतजार किया,लेकिन घर वापस नहीं लौटे। वह देर रात तक फोन मिलाता रहा, लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुई। उसके माता-पिता का रविवार सुबह साढ़े 9 बजे से बंद आ रहे हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### उप चुनाव आयुक्त ने चुनाव की तैयारियों की वीसी के माध्यम से की समीक्षा

# लोकसभा चुनाव के लिए प्रशासन की ओर से सभी तैयारियां पूरी

हरिभूमि न्यूज. अंबाला

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी डॉ. शालीन ने कहा कि लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाने के लिए तैयारी पूरी हो गई है। जिले की 520 लोकेशन पर स्थित 927 पोलिंग स्टेशन पर मतदान होना है। इसको लेकर स्टॉफ की ट्रेनिंग, ईवीएम की सुरक्षा, ईवीएम रेंडमाइजेशन, ट्रांसपोर्ट प्लॉन, कम्यूनिकेशन प्लॉन आदि पर निरंतर काम चल रहा है। उन्होंने भारतीय निर्वाचन आयोग के उप चुनाव आयुक्त हिरदेश कुमार के समक्ष वीसी के दौरान दी। उप चुनाव आयुक्त हिरदेश कुमार ने चुनाव तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि चुनाव में ड्यूटी देने वाले स्टॉफ की ट्रेनिंग चल रही है। उन्हें ट्रेनिंग के दौरान ही फॉर्म 12 व 12 ए दिया जा रहा है। वहीं जिले में वल्नरेबल मैपिंग कर ली गई है। इसके साथ-साथ क्रिटिकल बूथ की भी पहचान कर ली गई है। 91 लोकेशन पर 212 पोलिंग बूथ ऐसे हैं, जो लॉ एंड आर्डर की स्थिति के मद्देनजर असाधारण हैं। इन बूथ पर पहले से ही सेक्टर ऑफिसर व पुलिस टीम निरंतर दौरा कर रही हैं। इन बूथ पर चुनाव के दौरान अतिरिक्त फोर्स भी तैनात होगी। उन्होंने बताया कि ईवीएम को ट्रिपल लेयर सुरक्षा के बीच स्ट्रॉग रूम में रखा जाएगा। इसका नक्शा फाइनल हो गया है। स्ट्रॉग रूम की बैरिकेडिंग का काम कर लिया गया है। दूसरे और तीसरे लेयर का काम चल रहा है, जो जल्द पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि ट्रांसपोर्ट व कम्यूनिकेशन प्लॉन तैयार कर लिया गया है। चुनाव के दौरान 140 वाहनों की जरुरत पड़ेगी, जो 15 मई तक प्राप्त हो जाएंगे। सभी वाहनों में जीपीएस लगा होगा, जिनकी जीपीएस लोकेशन कंट्रोल रूम में देखी जा सकेगी। वहीं कम्यूनिकेशन प्लॉन तैयार कर लिया गया है। इसके साथ-साथ जिले में 24 फ्लाइंग स्कवायड टीम लगी हुई है। 7 जगह इंटर स्टेट नाके लगाए गए हैं। 8 इंटर डिस्ट्रिक्ट नाके लगाए गए हैं। अलग-अलग टीम रैंडम चैकिंग कर रही हैं। चुनाव से जुड़ी अलग-अलग अप्रूवल सुविधा एप के माध्यम से दी जा रही है। इसके अतिरिक्त पैरामिल्ट्री फोर्स की कुछ टुकड़ी आ गई हैं। डॉ. शालीन ने कहा कि पीठासीन अधिकारियों एवं सहायक पीठासीन अधिकारियों की पहली व दूसरी रेंडेमाइजेशन पूरी कर करवा दी गई है। 13, 14 और 15 को 40-40 के बैच बनाकर विधानसभा वाइज उनकी ट्रेनिंग भी पूरी करवाई जाएगी। ईवीएम की पहली रेंडेमाइजेशन के बाद संबंधित विधानसभा में भेज दिया गया है। उन्हें पुख्ता सुरक्षा के बीच स्ट्रॉग रूम में रखा गया है। भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा लगाए गए सामान्य आब्जर्वर सुखबीर सिंह ने कहा कि अंबाला लोकसभा में चुनाव की तैयारियां बेहतर तरीके से चल रही है।



**अंबाला।** मीटिंग में मौजूद डीसी व अन्य अधिकारी।